गेल (इंडिया) लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम – महारत्न कंपनी)
GAIL (India) Limited
(A Government of India Undertaking - A Maharatna Company)

गेल भवन,
16 भीकाएजी कामा प्लेस
नई दिल्ली-110066, भारत
GAIL BHAWAN,
16 BHIKAIJI CAMA PLACE
NEW DELHI-110066, INDIA
फोन/PHONE: +91 11 26182955
फैक्स/FAX: +91 11 26185941
ई–मेल/E-mail: info@gail.co.in

एनडी/गेल/सेक्ट/2020

05.08.2020

लिस्टिंग विभाग
नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड
एक्सचेंज प्लाजा, 5वीं मंजिल,
प्लॉट सं. सी/1, जी ब्लॉक,
बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा (पूर्व)
मुंबई-400 051

लिस्टिंग विभाग,
बीएसई लिमिटेड
फ्लोर 1, फिरोज़ जीजीभॉय टॉवर्स,
दलाल स्ट्रीट,
मुंबई-400001

**विषय : निदेशक मंडल की बैठक की सूचना के संबंध में न्यूज़पेपर प्रकाशन**

प्रिय महोदय,

यह सेबी (सूचीकरण बाध्यताएं एवं प्रकटन अपेक्षाएं) विनियमन, 2015 के विनियम 30 के अनुपालन में है।

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में कृपया अनुलग्नक प्राप्त करें।

उपर्युक्त आपकी सूचना एवं रिकॉर्ड हेतु है।

सधन्यवाद,

भवदीय,

(ए के झा)
कंपनी सचिव

# महिला को घर से निकाला, केस

**नई दिल्ली (व.सं.)।** डिफेंस कॉलोनी थाना क्षेत्र की महिला ने पति पर संतान न होने पर घर से निकालने का आरोप लगाया है। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। पीड़िता ने इस बारे में महिला आयोग, मानवाधिकार आयोग व मुख्यमंत्री को भी पत्र भेजकर न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़िता के अनुसार, वर्ष 1997 में उसकी शादी आरके पुरम निवासी युवक से हुई थी। शादी के कुछ साल बाद तक संतान नहीं हुई तो मारपीट कर घर से निकाल दिया। वह 2010 से ही न्याय के लिए भटक रही है। महिला ने पति पर धर्म परिवर्तन कराने का भी आरोप लगाया है।

# दो परिवार भिड़े, गोली और चाकू चल

**दुस्साहस**

नई दिल्ली | कार्यालय संवाददाता

**बेकाबू**

- एक परिवार के लोगों पर युवक के पेट में चाकू घोंपने का आरोप
- बदला लेने के लिए दूसरे परिवार ने घर पर 12 राउंड फायरिंग की

जाफराबाद में रविवार रात दो परिवार के लोग आपस में भिड़ गए। एक परिवार के सदस्यों ने दूसरे परिवार के एक युवक को चाकू मार दिया। इसके बाद उस पक्ष के लोगों ने तोबड़तोड़ 12 राउंड फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि किसी को गोली नहीं लगी।

पुलिस ने क्रॉस एफआईआर दर्ज कर चाकू मारने वाले 60 वर्षीय मुख्तियार अली और उसके बेटे अदनान को गिरफ्तार कर लिया है। अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार, 60 वर्षीय अब्दुल गफ्फार परिवार के साथ चौहान बांगर के कल्याण सिनेमा के पास रहता है। वह कबाड़ का कारोबार करता है। चौहान बांगर के अखाड़े वाली गली में 65 वर्षीय मुख्तियार अली रहता है। रविवार रात करीब 9:30 बजे अखाड़े वाली गली में अब्दुल गफ्फार के बेटे इमरान और मुख्तियार के बेटे अदनान में झगड़ा हो गया। इस दौरान मुख्तियार पक्ष के लोगों ने इमरान को पीट दिया साथ ही पेट में चाकू घोप दिया। घायल इमरान को जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां से उसे आरएमएल में रेफर कर दिया गया। इस घटना के करीब चार घंटे बाद रात करीब 12:40 बजे इमरान के परिवार के तीन सदस्य बदला देने के लिए मुख्तियार के घर पर पहुंच गए। उन्होंने ताबड़तोड़ मुख्तियार के घर पर फायरिंग शुरू कर दी। घर के दरवाजे, दीवार और हवा में करीब 12 राउंड गोलियां चलाई। पुलिस ने केस दर्ज कर मुख्तियार और अदनान को गिरफ्तार कर लिया है।

# शर्मनाक : मां-नानी करा रही थीं नाबालिग से चोरी

नई दिल्ली | वरिष्ठ संवाददाता

**खुलासा**

- पुलिस ने कार से बैग चोरी करने के आरोप में नाबालिग को पकड़ा
- आरोपी की नानी गिरफ्तार, मां की तलाश कर रही पुलिस

अंबेडकर नगर थाना पुलिस ने एक नाबालिग को कार से पैसों से भरा बैग चोरी करने के आरोप में दबोचा। नाबालिग ने बताया कि वह नानी और मां के कहने पर चोरी करता है। पुलिस ने नाबालिग के साथ उसकी नानी को भी पकड़ लिया। वहीं केस दर्ज कर नाबालिग की मां की तलाश कर रही है।

पुलिस उपायुक्त अतुल कुमार ठाकुर ने बताया कि घटना गत 27 जुलाई की है। देवली निवासी जतिन गुप्ता ने शिकायत दी थी कि बड़ी मदनगीर इलाके में मस्जिद के पास खड़ी उनकी कार से किसी ने 1.20 लाख रुपए से भरा बैग चुरा लिया। गुप्त सूचना पर पुलिस ने सोमवार को नाबालिग को भूमिया चौक के पास से पकड़ लिया। बाद में पुलिस ने उसकी निशानदेही पर एक लाख पांच हजार रुपये बरामद किए।

# क्राइम ब्रांच ने ढाई किलो हेरोइन के साथ कुख्यात तस्कर को दबोचा

**नई दिल्ली (प्र.सं.)।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कुख्यात हेरोइन तस्कर बिशन सिंह उर्फ अनिल गोयल को रिठाला से गिरफ्तार किया है। उसके पास से ढाई किलो हेरोइन बरामद हुई है। इस पर दिल्ली में अलग-अलग थाने में चार मुकदमें दर्ज हैं।

डीसीपी राकेश पांवरिया ने बताया कि पूर्व सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर राम मनोहर की टीम ने आरोपी को दबोचा। उसके पास से ढाई किलो हेरोइन बरामद हुई। आरोपी इसके पहले भी दो बार गिरफ्तार हो चुका है। वह 2016 में जेल से बाहर आकर फिर तस्करी करने लगा।


**टाटा स्मारक केन्द्र**
(परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार का एक सहायता अनुदान प्राप्त संस्थान)

**रिक्तियां उपलब्ध**

विज्ञापन सं.: 55/2020 31.07.2020

टाटा स्मारक केन्द्र (टीएमसी) द्वारा एच.बी.सी.एच./एम.पी.एम.एम.सी.सी., वाराणसी में निम्नलिखि पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्र. सं. | पदनाम | क्र. सं. | पदनाम |
|---|---|---|---|
| 1. | प्रोफेसर, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी | 2. | प्रोफेसर, रेडियोडायग्नोसिस |
| 3. | सहायक प्रोफेसर, एनेस्थियसियोलॉजी | 4. | सहायक प्रोफेसर, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी |
| 5. | सहायक प्रोफेसर, हेड एण्ड नेक सर्जिकल ऑन्कोलॉजी | 6. | सहायक प्रोफेसर, बोन एंड सॉफ्ट टिश्यू |
| 7. | सहायक प्रोफेसर, प्लास्टिक सर्जरी | 8. | सहायक प्रोफेसर, यूरो ऑन्कोलॉजी |
| 9. | सहायक प्रोफेसर, न्यूरो सर्जरी | 10. | सहायक प्रोफेसर, मेडिकल ऑन्कोलॉजी |
| 11. | सहायक प्रोफेसर, मेडिकल ऑन्कोलॉजी (बोन मैरो ट्रांसप्लांट) | 12. | सहायक प्रोफेसर, मेडिकल ऑन्कोलॉजी (एडल्ट हेमॅटो लिम्फॉइड) |
| 13. | सहायक प्रोफेसर, पीडिएट्रिक ऑन्कोलॉजी | 14. | सहायक प्रोफेसर, पैथोलॉजी |
| 15. | सहायक प्रोफेसर, रेडियोडायग्नोसिस | 16. | सहायक प्रोफेसर, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी |
| 17. | सहायक प्रोफेसर, प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी | 18. | सहायक प्रोफेसर, जनरल मेडिसिन |
| 19. | सहायक प्रोफेसर, ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन | 20. | सहायक प्रोफेसर, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी |
| 21. | सहायक प्रोफेसर, न्यूक्लियर मेडिसिन | 22. | सहायक प्रोफेसर, बायोकेमिस्ट्री |
| 23. | सहायक प्रोफेसर, पैलीएटिव मेडिसिन | 24. | चिकित्सा अधीक्षक |

ऑनलाइन आवेदन हेतु अंतिम तिथि 21.08.2020 को सायं 05.30 बजे (भारतीय मानक समय) तक है।

विवरण हेतु हमारी वेबसाइट https://tmc.gov.in पर जाएं।

(बेनी जॉर्ज)
एच.आर.डी. अधिकारी



**गेल (इंडिया) लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)

**नोटिस**

एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि निदेशक मंडल की बैठक **गुरुवार, दिनांक 13 अगस्त, 2020** को आयोजित की जाएगी जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ दिनांक **30 जून, 2020** को समाप्त तिमाही के गैर–लेखापरीक्षित परिणामों पर विचार किया जाएगा।

पदनामित व्यक्तियों हेतु ट्रेडिंग विंडो **1 जुलाई, 2020 (बुधवार)** को पहले ही बंद कर दी थी, वह कंपनी की सिक्युरिटीज मे संव्यवहार हेतु **15 अगस्त, 2020 (शनिवार)** तक बंद रहेगी।

इस नोटिस को कंपनी की वेबसाइट **www.gailonline.com** तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट **www.bseindia.com**, एवं **www.nseindia.com** पर देखा जा सकता है।

कृते गेल (इंडिया) लिमिटेड
हस्ताक्षर/–
(ए.के. झा).
कंपनी सचिव

स्थानः नई दिल्ली
तारीखः 05.08.2020,
ई–मेलः shareholders@gail.co.in

निगमित पहचान संख्या : L40200DL1984GOI018976

www.gailonline.com डिजिटल सोचें, डिजिटल बनें


H.H. Delhi – 5-8-2020